इंदौर, शनिवार 30 मई 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 183
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650

राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

नए टर्मिनल के शुभारंभ को दो माह बीते...




पेज-2

मौनी रॉय ने खूबसूरत तस्वीरें साझा की



पेज-5

जलसंकट : सांसद, एमआईसी मेंबर अब तख्तियां लेकर उतरे




पेज-6



# अलसुबह बदला मौसम, छाए बादल बूंदाबांदी के बाद गर्मी से मिलेगी राहत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर सहित प्रदेशभर में अब प्री मानसून की गतिविधियां दिखाई देंगी। शहर में आज अलसुबह अचानक मौसम बदला और बूंदाबांदी हुई। आने वाले दो-तीन दिन बादल छाए रहेंगे और शहर के अलग-अलग हिस्सों में छिट-पुट वर्षा होने की संभावना है। शहर में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से हवाएं चलने की संभावना है। इसके अलावा शहर में कही-कही गरज-चमक की स्थिति भी दिखाई देगी।

भोपाल स्थित मौसम केंद्र के विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान, राजस्थान, मप्र से होते छत्तीसगढ व उड़ीसा तक जा रही है। इसके प्रभाव से इंदौर सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में वर्षा की गतिविधियां दिखाई दे रही है। शुक्रवार को प्रदेश में दतिया व ग्वालियर में वर्षा दर्ज हुई।

इंदौर में आज से सोमवार तक बादल छाने के साथ वर्षा की स्थितियां दिखाई देगी। आागामी दिनों में गर्मी से राहत रहेगी लेकिन उसम लोगों को परेशान करेगी। शुक्रवार को शहर में बादल छाए और दोपहर में धूप ने तपिश का अहसास करवाया। शुक्रवार को शहर में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक था। शुक्रवार दोपहर में गर्मी ने तपिश का अहसास करवाया। दोपहर में बादल भी छाए। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को शहर में बादल छाए रहेंगे और गर्मी से राहत रहेगी। कुछ हिस्सों में छुटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। शनिवार को सुबह साढ़े चार के बाद अचानक मौसम बदला और बूंदाबांदी होने लगी। थोड़ी देर की बूंदाबांदी से सड़कें भीग गईं।

---

## जनभागीदारी और सीएसआर फंड की मदद से प्रशासन करेगा जल संकट का मुकाबला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में इस साल आए गंभीर जल संकट की वजह से प्रशासन और नगर निगम अभी से अगले साल की तैयारियों में जुट गया है। आगामी समय के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई जा रही हैं कि किस तरह से अब इंदौर को इस तरह के संकट से बचाया जा सकता है और भविष्य के लिए किस तरह से तैयारियां की जानी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी इस संबंध में लगातार बैठकें ले रहे हैं और विभिन्न निजी संस्थाओं, बैंकों और समाजसेवियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

इस अभियान के तहत कोई संस्था वाटर हार्वेस्टिंग पर काम करेगी तो किसी को कुएं और बावड़ियों को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पौधरोपण के लिए भी बड़े स्तर पर काम इसी महीने से शुरू किया जा रहा है। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से तालाबों के गहरीकरण पर काम शुरू हो चुका है। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि इंदौर में बोरिंग का पानी पूरे गर्मी के सीजन में चलता रहे और आम लोगों को उस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े जो इस साल आई है।

■ इन सभी प्रयासों के तहत अधिकारी लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। इसके तहत जिला प्रशासन ने जनभागीदारी और विभिन्न कंपनियों व संस्थाओं के सीएसआर फंड से जल गंगा संवर्धन अभियान के कई महत्वपूर्ण कामों को अपने हाथों में लिया है। हाल ही में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में कई प्रमुख संस्थाएं आगे आई हैं और उन्होंने धरातल पर काम करने की जिम्मेदारी ली है। इसमें स्थानीय नागरिकों और कॉर्पोरेट सेक्टर के आपसी सहयोग से प्राचीन बावड़ियों और कुंओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

---

वाहनों का आवागमन 27 अगस्त तक बंद रहेगा

## सड़क निर्माण के चलते तीन महीने बंद रहेगी इंदौर की मुख्य सड़कें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मास्टर प्लान के तहत इंदौर शहर के जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहे तक 60 फीट चौड़ी सड़क बनना है। पिछले दिनों जहां रोड चौड़ीकरण में बाधित निर्माणों को तोड़ा गया, वहीं आज से रास्ता बंद किया जा रहा है। इसको लेकर नगर निगम की योजना शाखा ने ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है ताकि सड़क बनाने में कोई दिक्कत न आए।

वाहनों का आवागमन 27 अगस्त तक के लिए बंद - सड़क निर्माण कार्य चलने के दौरान शंकरगंज जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहे तक रोड तीन महीने बंद रहेगा। आज से वाहनों का आवागमन 27 अगस्त तक के लिए बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य के दौरान उक्त क्षेत्र से आवागमन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी कर दिया गया है।

### अब इन रोड से निकलेंगे वाहन

- शंकरगंज चौराहे से कंडिलपुरा होते हुए लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहे तक।
- शंकरगंज चौराहे से सुभाष मार्ग रामबाग तक।
- लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहे से कंड़िलपुरा होते हुए जिंसी चौराहे तक।
- जिंसी चौराहे से इमली बाजार चौराहा, मरीमाता होते हुए लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहे तक।

**मास्टर प्लान के तहत बनेगी 60 फीट चौड़ी सड़क**- जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहे 60 फीट चौड़ी सड़क बनाने के लिए निगम ने पिछले दिनों बाधक निर्माण बड़ी संख्या में तोड़े थे। अब ड्क्षजसी चौराहा से नेमीनाथ मंदिर तक तोड़फ़ोड़ करने की तैयारी है, क्योंकि यह सड़क भी मास्टर प्लान के तहत 60 फीट चौड़ी बनेगी और बाधक निर्माण चिन्हित हो गए हैं।

**इन रोड का भी किया निरीक्षण**- निगम के अपर आयुक्तों ने छावनी के साथ लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी चौराहा तक बनने वाली रोडका भी निरीक्षण किया। इस रोड की भी चौड़ाई घटाकर 80 से 60 फीट कर दी गई है। इसके चलते लोग स्वयं ही तोड़फ़ोड़ कर रहे हैं। इसके अलावा गुटकेश्वर महादेव मंदिर किला मैदान रोड से जूना रिसाला होते हुए सदर बाजार तक 60 फीट चौड़ी बनने वाली रोड का निरीक्षण भी अपर आयुक्तों ने किया, क्योंकि पर सेंट्रल लाइन डालने के साथ बाधक निर्माण चिन्हित हो गए हैं। बाधक निर्माण हटाकर रोड चौड़ीकरण शुरू करने की तैयारी है।

---

## सोने-चांदी की खनक का असर अब डीएवीवी के दीक्षांत समारोह पर




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में रोजाना उतरा-चढ़ाव का असर अब देवी अहिल्या विश्वविद्यालय पर भी पड़ने लगा है। शुक्रवार को कार्यपरिषद की बैठक में दीक्षा समारोह में दिए जाने वाले स्वर्ण और रजत पदक निर्माण लागत बढ़ने के कारण दानदाताओं से ली जाने वाली राशि में वृद्धि की गई है।

बकायदा बैठक में सदस्यों ने राशि बढ़ाने का प्रस्ताव को मंजूर कर दिया है। सदस्यों के मुताबिक बाजार मूल्यों को देखकर दानदातों से पदक की राशि जमा करवाई जाएगी। यहां तक कि पहले से स्थापित हुए स्वर्ण व रजत पदक के लिए दानदाताओं से अतिरिक्त राशि वसूलेंगे।

---

### न्यूज ब्रीफ

- पंजाब : महंगाई के खिलाफ कांग्रेस करेगी आज प्रदर्शन, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर नाराजगी
- डब्ल्यूएफआई ने एशियन गेम्स ट्रायल्स के लिए विनेश फोगाट की एंट्री स्वीकार की
- मुंबई में सीएनजी के दाम 2 प्रति किलो बढ़े
- अमेरिकी सेना का पूर्वी प्रशांत महासागर में जहाज पर हमला, 3 की मौत
- आज भारत आएंगे म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग
- आज भारत दौरे पर आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी टिफनी
- कर्नाटक कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज
- यूएस ने जब्त किए ईरान से जुड़े 1 अरब डॉलर के क्रिप्टो एसेट : बेसेंट
- ईरानी एयर डिफेंस ने केशम द्वीप के निकट दुश्मन माइक्रो ड्रोन को तबाह किया
- महाराष्ट्र में जहरीली शराब से 15 की मौत, 8 गिरफ्तार
- आंधी में भरभराकर गिरा निर्माणाधीन पुल, 6 मजदूरों की मौत
- दिल्ली : जहांगीरपुरी में युवक की चाकू मारकर हत्या
- निर्माण स्थल के पास खेल रही तीन साल की मासूम को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

---

## मोहन यादव कैबिनेट में जून के अंत तक बड़े फेरबदल होने की संभावना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री मोहन यादव की कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक गलियारों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि अगले महीने यानी जून के अंत तक मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि 20 से 30 जून के बीच कुछ मंत्रियों की जिम्मेदारियां बदली जा सकती हैं, जबकि कुछ नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर विचार हो रहा है।

हालांकि, सरकार या भारतीय जनता पार्टी की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद संभावित फेरबदल को लेकर राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं और नेताओं के बीच चर्चाओं का दौर जारी है।

सरकार संगठन और सत्ता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए कुछ नए चेहरों को मौका दे सकती है। वहीं, कुछ मंत्रियों की जिम्मेदारियों में बदलाव की भी संभावना जताई जा रही है।

**कैलाश विजयवर्गीय को लेकर भी चर्चाएं**-राजनीतिक हलकों में वरिष्ठ भाजपा नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म है। चर्चा है कि उन्हें राज्य सरकार से हटाकर राज्यसभा भेजा जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में भी न तो भाजपा नेतृत्व और न ही विजयवर्गीय की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के प्रमुख नेताओं में गिने जाते हैं और संगठन के साथ-साथ सरकार में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में उनके भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं ने राजनीतिक हलकों का ध्यान आकर्षित किया है।

### प्रदर्शन और क्षेत्रीय संतुलन पर हो सकता है फोकस

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल होता है तो इसमें मंत्रियों के प्रदर्शन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और संगठनात्मक जरूरतों को प्रमुख आधार बनाया जा सकता है। लोकसभा चुनाव के बाद राज्य सरकार के कामकाज की समीक्षा और आगामी राजनीतिक रणनीति को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेतृत्व कुछ अहम फैसले ले सकता है।

---

कलेक्टर पहुंचे रात्रि ग्राम चौपाल में...



**इंदौर।** कल रात्रि इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा रात्रि ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत इंदौर जिले के दूरस्थ ग्राम कालाकुंड पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानी।

---

## अमेरिका में 250 डॉलर के नोट पर ट्रम्प की तस्वीर !

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)** ● अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है।

---

बर्न मरीजों के कवर-एंबुलेंस-बायोमेट्रिक नियम बदले

## आयुष्मान में दुर्घटना से लेकर बर्न केस तक के पैकेज बदले

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● आयुष्मान भारत योजना में अब इलाज सिर्फ कागजी रिकॉर्ड के आधार पर नहीं चलेगा। मरीज कब अस्पताल पहुंचा, हालत कितनी गंभीर थी, कौन-कौन सी जांच हुई इसका डिजिटल रिकॉर्ड रखना होगा। मध्यप्रदेश सरकार ने टियर-1, टियर-2 और टियर-3 में नया पैकेज सिस्टम लागू किया है, जिससे इलाज के नियम, पैकेज और मॉनिटरिंग व्यवस्था में बड़े बदलाव हुए हैं।

**हादसों के लिए गोल्डन ऑवर पैकेज...** सड़क दुर्घटना और इमरजेंसी मरीजों के लिए पहली बार गोल्डन ऑवर पैकेज लागू किया गया है। एक्सीडेंट के बाद पहले घंटे के इलाज के लिए अलग पैकेज मिलेगा। इसमें ऑक्सीजन, आईवी फ्लूड, इंट्यूबेशन, ट्रॉमा मैनेजमेंट और जरूरी जांच शामिल रहेंगी।

जलने की गंभीरता पर तय होगा भुगतान... बर्न मरीजों के लिए अब एक समान पैकेज नहीं रहेगा। 25 से 40% तक जलने पर 27,750 रुपए और 60 से 80% तक जलने पर 67,200 रुपए तक का पैकेज मिलेगा। मरीज का फोटो, इंजरी की जानकारी और डिस्चार्ज दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा।

---

अनूठी पहल का दुरुपयोग | भाजपा कार्यकर्ताओं के हितों के लिए संगठन ने बनाया था सेल

## सहयोग सेल में समस्याएं कम, स्थानांतरण के मामले ज्यादा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● कार्यकर्ता आधारित पार्टी की परिकल्पना को साकार करने के लिए मप्र में सत्ता और संगठन ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहयोग सेल शुरू किया है। ताकि कार्यकर्ताओं की समस्याओं को मंत्री सुने और उनका समाधान करवाएं। लेकिन सत्ता-संगठन की इस अनूठी पहल का दुरूपयोग होने लगा है। कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू की गई सहयोग सेल अब ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े आवेदनों का भी प्रमुख केंद्र बनती जा रही है। पहले जहां राजस्व विवादों से संबंधित शिकायतें सबसे अधिक आती थीं, वहीं स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद ट्रांसफर कराने के आवेदन तेजी से बढ़े हैं।




प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पहल पर दिसंबर 2025 में सहयोग सेल की शुरुआत की गई थी। यहां सप्ताह में पांच दिन प्रदेशभर से आने वाले कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी जाती हैं। इसके लिए प्रतिदिन एक मंत्री और संगठन का एक पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है। भाजपा सूत्रों के अनुसार सहयोग सेल में हर महीने करीब एक हजार शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इनमें नामांतरण, बंटवारा और जमीन विवाद जैसे राजस्व मामलों की संख्या सबसे अधिक है। हालांकि हाल के महीनों में कार्यकर्ताओं द्वारा अपने परिजनों और रिश्तेदारों के स्थानांतरण करवाने संबंधी आवेदन भी बड़ी संख्या में आने लगे हैं।

### संगठनात्मक संवाद का नया तंत्र

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा की सहयोग सेल केवल शिकायत निवारण मंच नहीं रह गई है, बल्कि संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बनती जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि यह सेल जनसमस्याओं और संगठनात्मक जरूरतों तक सीमित रहती है तो यह पार्टी के लिए प्रभावी फीडबैक तंत्र साबित हो सकती है। हालांकि प्रशासनिक और कानूनी मामलों में बढ़ती अपेक्षाएं इसकी सीमाओं और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर सकती हैं।

न्यूज ब्रीफ

## पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल, नशे की हालत के दावे पर पुलिस ने दी सफाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में एक पुलिस अधिकारी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कथित तौर पर वर्दी में नजर आ रहे हैं और हाथ में गिलास लिए दोपहिया वाहन पर बैठे दिखते हैं। वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। वायरल वीडियो में यह भी दावा किया जा रहा है कि पुलिसकर्मी नशे की हालत में हैं। फुटेज में उन्हें डांस करते और असामान्य व्यवहार करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उनकी हालत ऐसी प्रतीत होती है कि वे ठीक से संतुलन नहीं बना पा रहे हैं और अस्थिर दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में यह दावा किया गया है कि संबंधित अधिकारी लसूड़िया पुलिस स्टेशन में पदस्थ हैं। हालांकि, इस दावे के बाद पुलिस विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए इसे गलत बताया है।

## रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 लॉन्च

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मिडसाईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज भारत में अपनी प्रतिष्ठित मोटरसाईकल 'बुलेट' नए 650सीसी इंजन के साथ पेश की। इस लॉन्च के साथ ही भारत में नौ दशकों से चले आ रहे बुलेट के आईकॉनिक सफर का अगला अध्याय शुरू हो गया।

## पहली बार हुई रोबोटिक हार्ट सर्जरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नोबल हॉस्पिटल्स एंड रिसर्च सेंटर ने कार्डियक केयर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल ने सफलतापूर्वक रोबोटिक लेफ्ट एट्रियल मिक्सोमा एक्सिशन किया — यह दिल के जटिल ट्यूमर को हटाने की सर्जरी है, जिसे पूरी तरह सर्जिकल रोबोट की मदद से छोटे की होल पोर्ट्स के जरिए किया गया। यह प्रक्रिया पुणे में की गई पहली रोबोटिक हार्ट सर्जरी, महाराष्ट्र की पहली और देश में अपनी तरह की केवल दूसरी सर्जरी है। 55 वर्षीय महिला मरीज़ के दिल के एक चैम्बर में नियमित जांच के दौरान गैर-कैंसरयुक्त ट्यूमर पाया गया।

## केयर सीएचएल को नोटिस जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इंदौर के केयर सी.एच.एल. चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें निरीक्षण दल को विभिन्न बिन्दुओं पर पाई गई कमियों के आधार पर अपना प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि संबंधित चिकित्सालय में ओपीडी विभाग, आकस्मिक विभाग, फार्मेसी विभाग, कार्डियक एवं न्यूरो सर्जरी आईसीयू विभाग, ऑपरेशन थिएटर, एम आर डी विभाग, पीसी पीएनडीटी विभाग, पैथोलॉजी लैब, ब्लड बैंक, मुख्य द्वार, बिल्डिंग मेंटेनेंस के दस्तावेजों में पाई गई ।

# करोड़ों की लागत से तैयार नए टर्मिनल के शुभारंभ को दो माह बीते, अब तक शुरू नहीं

## मंत्री की मौजूदगी में जोर-शोर से हुआ था शुभारंभ, प्रबंधन मौन




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-1 के उद्घाटन को दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन यह अब तक यात्रियों के लिए शुरू नहीं हो पाया है। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार इस टर्मिनल का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया था, मगर जमीनी स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी नहीं होने से इसका संचालन अटका हुआ है। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार टर्मिनल संचालन के लिए बीसीएएस (ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी) की मंजूरी मिल चुकी है। इसके बावजूद सफाई और अन्य सेवाओं से जुड़े टेंडर लंबित हैं, साथ ही नए टर्मिनल के लिए आवश्यक सीआईएसएफ के अतिरिक्त जवानों की तैनाती भी अब तक नहीं हो पाई है। यही कारण है कि उद्घाटन के दो महीने बाद भी टर्मिनल यात्रियों का इंतजार कर रहा है। इस बीच एयरपोर्ट की उड़ान गतिविधियों में आई कमी ने भी नए टर्मिनल की जरूरत और उसके जल्द शुरू होने को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में एयर इंडिया ने इंदौर-दिल्ली सेक्टर की अपनी चार उड़ानें कम कर दी हैं, जबकि इंडिगो ने भी कुछ उड़ानों में कटौती की है। ऐसे में यात्रियों की संख्या और उड़ानों के दबाव में कमी आने से नए टर्मिनल को तत्काल शुरू करने की आवश्यकता पहले जैसी नहीं दिखाई दे रही है। करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से बने इस टर्मिनल से एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद थी, लेकिन उद्घाटन के बाद भी संचालन शुरू नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं कि जब व्यवस्थाएं अधूरी थीं और एयरलाइंस भी उड़ानें घटा रही थीं, तब जल्दबाजी में इसका शुभारंभक्यों किया गया? प्रबंधन इस बारे में अभी कुछ बता नहीं पा रहा है।



# नायता मुंडला तालाब के कैचमेंट एरिये में कर रखा था अतिक्रमण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार निगम द्वारा तालाबों में वर्षा का पर्याप्त पानी और वर्षा ऋतु में तालाब लबालब हो जाएं इसके लिए चैनल सफाई के साथ साथ तालाब की क्षमता बढ़ाने हेतु तालाबों कैचमेंट एरिया में अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को झोन क्र. 13 के अंतर्गत नायता मुंडला तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में अवैध रूप से रवि शुगनबाई सुनेर एवं जितेंद्र रायसिंग यादव द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों पर कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर किए जा रहे निर्माण को हटाया गया। निगम की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई। निगमायुक्त सिंघल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर के तालाबों, जल स्त्रोतों एवं उनके कैचमेंट क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में निगम द्वारा निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भिंड में भाई का दो साल पहले हुआ मर्डर, इंदौर में लिया बदला

## आरोपी की गोली मार हत्या, तीन पकड़ाए



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में 21 मई की रात को स्कीम 111 पार्ट टू गुलाबबाग में पेट्रोल पंप पर हुए अभि तोमर हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं। इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने मामले में टीम का गठन कर आरोपियों को पकड़ने के आदेश दिए थे। आरोपियों पर दस-दस हजार का ईनाम भी घोषित हुआ था। थाना लसूडिया में इस मामले में केस हुआ था। हत्याकांड में एफआईआर हत्या के समय अभि के साथ मौजूद अमन राजावत ने कराई थी।

**इस तरह हुआ हत्याकांड** - अभितेन्द्र एक वर्ष पहले इन्दौर में कन्स्ट्रक्शन का काम करने आ गया था । घटना के दिन 21 मई की रात को वह मित्र राजावत, कल्लू व नितिन के साथ था। तभी बुलेट पर गुलशन व डीलू लहारिया आए और अभितेंद्र उर्फ अभि पर गोलियां चला दी। पीछे से स्पेलेंडर बाइक से गौरव जाटव व अन्य दो आए और उन्होंने भी अभि पर गोलियां चलाई। दोस्त अस्पताल लेकर गए जहां अभि को मृत घोषित कर दिया गया।

घटना को देखते हुए सीपी संतोष सिंह ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर मयंक अवस्थी व डीसीपी जोन टू अमन सिंह राठौर को निर्देश दिए। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह व एसीपी पराग सैनी के साथ टीआई लसूडिया की टीम बनाई। आरोपियों पर दस-दस हजार का ईनाम घोषित हुआ।

### इंदौर में लॉरेंस बिश्नोई

# हैरी बॉक्सर गैंग की मुख्य कड़ी और इनामी बदमाश गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में बिल्डरों और कारोबारियों को धमकी देकर 5 से 15 करोड़ रुपए तक की मांग करने वाले लॉरेंस गैंग को एक और बड़ा झटका लगा है। इंदौर क्राइम ब्रांच ने इस मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश और गैंग की मुख्य कड़ी राहुल सिंह राठौर को गिरफ्तार किया है।

इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मास्टरमाइंड राहुल सिंह राठौर को इंदौर बायपास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर राज्य एसटीएफ द्वारा 15 हजार और क्राइम ब्रांच द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इंदौर में व्यापारियों और कारोबारियों को गैंग के नाम पर धमकी देने के मामलों में यह गिरफ्तारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देशन में स्पेशल टीम बनाकर जांच की जा रही है।

**बिल्डर और कारोबारियों की रेकी कर रहा था**-बिल्डरों और कारोबारियों को धमकाने के मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी राजपाल चंद्रावत से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर टीम राहुल उर्फ बाबा तक पहुंची और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार राहुल, राजपाल चंद्रावत का मुख्य सहयोगी था। उसका काम व्यापारियों के घर, ऑफिस और अन्य स्थानों की रेकी करना, गैंग के सदस्यों को तकनीकी और दूसरी सहायता देना तथा पैसों के लेनदेन में सक्रिय भूमिका निभाना था। इसके अलावा वह हथियार उपलब्ध करवाने के साथ-साथ फायरिंग और रेकी के लिए लड़के भी मुहैया कराता था। जांच में राहुल का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है।

# एरीना एनीमेशन ने भंवरकुआ में शुरू किया नया सेंटर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारत के अग्रणी एनीमेशन और मल्टीमीडिया प्रशिक्षण संस्थानों में से एक Arena Animation ने भंवरकुआ क्षेत्र में अपने नए अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया। इस नए सेंटर का उद्घाटन SICA कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. गुंजन शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर Arena Animation के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं नेशनल सेल्स हेड शाजन सैमुअल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इंदौर में शुरू हुआ यह नया सेंटर एनीमेशन, VFX, गेमिंग, ग्राफिक डिजाइन, डिजिटल कंटेंट और मल्टीमीडिया जैसे तेजी से बढ़ते क्रिएटिव सेक्टर में युवाओं को प्रोफेशनल ट्रेनिंग प्रदान करेगा। आज फिल्मों, वेब सीरीज, OTT प्लेटफॉर्म, विज्ञापन, गेमिंग और सोशल मीडिया कंटेंट में एनीमेशन और VFX का व्यापक उपयोग हो रहा है, जिसके कारण इस क्षेत्र में करियर के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं।

# दिन में बिजली खपत पर स्मार्ट मीटर दिला रहे 14 करोड़ की छूट

## मालवा निमाड़ में अब तक साढ़े सोलह लाख स्मार्ट मीटर लगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • डिजिटल इंडिया एवं उपभोक्ता हितैषी भावना के साथ मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य सतत किया जा रहा है। ताजा स्थिति में मालवा निमाड़ में सोलह लाख पचास हजार स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं। ये स्मार्ट मीटर सभी उपभोक्ताओं को दिन में यानि सौर ऊर्जा अवधि में पर्यावरण हित को लेकर बिजली खपत करने पर टीओडी छूट दिला रहे हैं, वहीं गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को पावर फैक्टर छूट भी नियमित रूप से बिजली बिल में प्रदान की जा रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, वहीं ट्रांसफार्मर एवं फीडरों पर भी स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता सुविधा बढ़ाने, लाइन लॉस घटाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। सबसे ज्यादा इंदौर शहर में 6.87 लाख स्थानों पर स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं। वहीं उज्जैन जिले में 1.50 लाख, रतलाम जिले में 1.27 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अन्य जिलों में स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य 26 हजार से 89 हजार स्थानों पर हो चुका है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र के महू, खरगोन, नागदा, झाबुआ, थांदला नगरीय क्षेत्र पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत घोषित हो चुके है। कुल 50 नगरीय क्षेत्र में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा रहे हैं। श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने वालों को सबसे बड़ा फायदा टाईम ऑफ द डे यानि टीओडी छूट का मिल रहा है। कंपनी क्षेत्र में तेरह लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को टीओडी छूट प्रदान की जा रही है।

### मई में इंदौर में अब तक 41 करोड़ यूनिट बिजली वितरित

मई माह के 29 दिनों में शहर में करीब 41 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई है। मई के अधिकांश दिनों में बिजली की अधिकतम दैनिक मांग 650 मैगावाट से 750 मैगावाट के बीच दर्ज हुई। रिकार्ड गर्मी के साथ बिजली मांग भी इस दौरान शीर्ष स्तर पर दर्ज हुई। मई में बारह दिन ऐसे रहे जिनमें शहर की बिजली खपत डेढ़ करोड़ यूनिट से ज्यादा दर्ज हुई।

# मेदांता इंदौर की अपील : तंबाकू छोड़िए, क्योंकि कैंसर इंतजार नहीं करता



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कई बार जिंदगी की सबसे खतरनाक शुरुआत बहुत सामान्य लगती है। दोस्तों के साथ ली गई पहली सिगरेट, तनाव कम करने के नाम पर खाया गया गुटखा या लंबे समय से चली आ रही पान-मसाले की आदत, यही छोटी लगने वाली शुरुआत धीरे-धीरे शरीर के भीतर ऐसी बीमारी को जन्म दे सकती है, जिसका पता अक्सर तब चलता है जब बहुत देर हो चुकी होती है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, इंदौर ने लोगों से तंबाकू से दूरी बनाने और कैंसर के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। अस्पताल के विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू केवल एक व्यक्तिगत आदत नहीं बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करने वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। भारत दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां तंबाकू का उपयोग सबसे अधिक है। यहां समस्या केवल सिगरेट या बीड़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि गुटखा, खैनी, जर्दा, पान मसाला और अन्य चबाने वाले तंबाकू उत्पादों का व्यापक उपयोग चिंता को और बढ़ाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में तंबाकू सेवन हर वर्ष लगभग 13.5 लाख मौतों का कारण बनता है। यानी औसतन हर दिन हजारों परिवार किसी न किसी तंबाकू-जनित बीमारी की कीमत चुकाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू का असर केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं रहता। यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है और मुंह, गला, जीभ, स्वरयंत्र, भोजन नली, फेफड़े, अग्न्याशय और मूत्राशय सहित अनेक प्रकार के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू दुनिया भर में हर वर्ष 70 लाख से अधिक लोगों की जान लेता है, जिनमें सेकेंड हैंड स्मोक यानी दूसरों के धुएं से प्रभावित लोग भी शामिल हैं।

# गाड़ियों के 'रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल' कराने के लिए नई शर्त, डिवाइस लगाना जरूरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • परिवहन विभाग की एक तकनीकी गड़बड़ी ने मध्यप्रदेश के हजारों वाहन मालिकों की परेशानी बढ़ा दी है। बीते दो दिनों से वाहन रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल के दौरान पोर्टल पर नई शर्त दिखाई दे रही है, जिसमें पुरानी कारों और दोपहिया वाहनों में जीपीएस आधारित व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग (वीएलटी) डिवाइस लगाना अनिवार्य बताया दिया गया, जबकि यह सिर्फ कमर्शियल वाहनों के लिए या अनिवार्य है। इस डिवाइस की कीमत करीब 10 से 15 हजार रुपए तक है। वाहन मालिकों का कहना है कि बिना इस सिस्टम की जानकारी भरे पोर्टल आगे की प्रक्रिया स्वीकार नहीं कर रहा।

इससे रिन्यूअल की फाइलें अटक गई है और आरटीओ कार्यालयों में भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। वाहन एजेंटों के अनुसार पहले यह नियम केवल कमर्शियल वाहनों के लिए लागू था। अब अचानक निजी कारों और दोपहिया वाहनों के लिए भी वीएलटी डिवाइस की अनिवार्यता दिखने लगी है। जैसे ही रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल के लिए आवेदन खोला जा रहा है, पोर्टल पर वीएलटी नंबर और उससे जुड़ी जानकारी मांगी जा रही है। कई वाहन मालिकों ने इसे लेकर आपत्ति ली है। उनका कहना है कि पुरानी बाइक या कार के रिन्यूअल पर अतिरिक्त 15 हजार रुपए खर्च करना सामान्य लोगों के लिए संभव नहीं है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि अगर यह नियम लागू किया गया तो बड़ी संख्या में वाहन मालिक रिन्यूअल ही नहीं करवा पाएंगे।

# बेटमा शराब ठेकेदार ने हाईवे पर बना दिया आहता

## आबकारी अधिकारियों को खुलेआम चुनौती देता ठेकेदार

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर** • **दैनिक इंदौर संकेत**

बेटमा शराब ठेकेदार हुए बेलगाम आबकारी सिस्टम की बेरुखी या संरक्षण का चल रहा खेल ना सिस्टम का डर ना आबकारी का बेटमा शराब ठेकेदार ने हाईवे पर आहता खोल दिया। शराब दुकान के समीप चद्दर सेट में बने आहते पर सुबह से ही पियक्कड़ों का ताता लगा रहता है। जानकारी में आपको बता दें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शराब दुकान के समीप आहते बंद करने के निर्देश दिये थे। शराब दुकान के समीप कोई आहते नहीं चलेंगे,इस आदेश का पालन करते हुए मध्यप्रदेश में आहते पूर्ण रूप से बंद किये गये थे। लेकिन बेटमा में इन्हीं आदेशों की खुलेआम शराब ठेकेदार में धज्जिया उड़ा दी। मेंन हाईवे रोड पर खुलेआम शराब परोसी जा रही लेकिन सिस्टम में बैठे जिम्मेदार अधिकारीयो के कानों में जूं तक नहीं रेंगी शराब ठेकेदार शासन के आदेशों को खुलेआम चुनौती दे रहा है या फिर आबकारी अधिकारियों की मिली भगत से पूरा सिस्टम चल रहा इतना ही नहीं बेटमा, रंगवासा, हातोद, माचल जैसी शराब दुकाने लगातार बेलगाम होती जा रही लेकिन आबकारी अधिकारि का सिस्टम फेल होता दिखाई दे रहा आखिर किसके संरक्षण में मेन हाईवे रोड पर ग्राहकों को बैठकर शराब पिलाई जा रही इस पूरे घटनाक्रम ने आबकारी विभाग को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है इतना ही नहीं बेटमा से 1 किलोमीटर दूर अवैध शराब के अड्डे बने हुए हैं वहां भी बैठकर पिलाने की उत्तम व्यवस्था की गई है जिसका स्टिंग ऑपरेशन हमारे प्रतिनिधि द्वारा किया गया शराब कारोबारी के सिस्टम की पोल लगातार खुल रही है।आहता संचालन से होता है मोटा मुनाफा दो से तीन हजार रु तक आहात संचालक से होती है वसूली इसलिए भी ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर आहता संचालित करते हैं।

देपालपुर क्षेत्र में आबकारी अधिकारियों की विफलता लगातार सामने आ रही है ठेकेदार लगातार इनको चुनौतियां दे रहे हैं आखिर आबकारी सिस्टम क्यों काम नहीं कर पा रहा क्यों ठेकेदार नियमों के विरुद्ध जाकर काम कर रहे हैं कौन इनको संरक्षण दे रहा है शराब कारोबार में नेताओं की एंट्री से अधिकारीयो की परेशानियां बढ़ चुकी है सिस्टम के दावे खोखले साबित हो रहे हैं देखने में आया है कहीं भाजपा के नेता अपने खास लोगों से डायरीयो पर शराब बिकवा रहे हैं 10,20 के कमीशन के चक्कर में नेता कार्रवाई नहीं होने देते हैं क्या अब आबकारी विभाग बेटमा में बने आहते पर कार्यवाही करेगा या फिर छोटी मोटी कार्रवाई कर वाई वाई लूटेगा हाईवे पर बने आहते से आम जनता में भारी आक्रोश देखने को मिला है समय रहते आहता बंद नहीं किया तो उग्र आंदोलन भी हो सकता है।



सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 30 मई 2026

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभु राम भारत भूमि का चरित्र, शील, संयम, सदाचार और नैतिकता हैं - पं श्रीराम प्रपन्नाचार्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रभु राम धर्म, मर्यादा और संस्कृति की शाश्वत मूर्ति हैं। जग में सुंदर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम। प्रभु राम भारत भूमि का चरित्र, शील, संयम, सदाचार, और नैतिकता हैं तो कृष्ण माधुर्य, दर्शन और मनीषी के प्रतिरूप हैं। धर्म से आनंद, वैभव और शांति की प्राप्ति होती है। धर्म वह नौका है जो हमें स्वर्ग लेकर जाएगी। धर्म एक छवि है, धर्म एक आकार है, धर्म संवेदना है। चारों भाइयों के बीच समर्पण, त्याग और अपनत्व के उदाहरण बेमिसाल हैं। दुनिया के किसी अन्य ग्रन्थ और कथा में इस तरह के प्रेरक प्रसंग नहीं हैं। इसीलिए राम हर युग में वन्दनीय हैं। श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज ने शुक्रवार को हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर अधिकमास के उपलक्ष्य में गत 22 मई से चल रहे हनुमत महायज्ञ एवं 23 मई से चल रही सात दिवसीय राम कथा के समापन अवसर पर विभिन्न प्रसंगों की भावपूर्ण व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए।

### माखन-मिश्री की वर्षा के बीच धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भगवान कृष्ण ने समाज की राक्षसी प्रवृत्तियों के नाश के लिए ही अवतार लिया। दुनिया के सारे विवाद वहां पैदा होते हैं जहाँ मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघी जाती है। कृष्ण और राम के चरित्र आज हजारों वर्ष बाद भी वन्दनीय और पूजनीय बन्दे हुए हैं क्योंकि समाज के गौरव और अस्मिता को बढाने तथा दुष्टों का नाश कर भक्तों की रक्षा करने का संकल्प आज भी हमें अनुभूत होता है। श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। 'नंद में आनंद भयो जय कन्हैयालाल की' भजन पर समूचा कथा स्थल नाच उठा। बधाई और मंगल गीतों के बीच भक्तों ने उत्सव का आनंद लिया।

### सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में नरसिंह वाटिका में सजेगा भगवती का भव्य दरबार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में वैसे तो शहर में अनेक आयोजन हो रहे हैं लेकिन 4 जून को एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर देवभूमि गुप्त काशी - केदारखंड में महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद जी सरस्वती 'भगवन' के सानिध्य में रहकर कर्मकांड एवं सनातन धर्म से जुड़े अनेक विषयों और विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने वाले श्री श्रीविद्याधाम के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में हो रहे सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव का पहला न्योता उज्जैन में महाकालेश्वर, माँ हरसिद्धि, इंदौर में माँ त्रिपुर सुंदरी भगवती के चरणों में समर्पित किया गया।

### हीरक जयंती महोत्सव में नवश्रृंगारित धर्मशाला पर होगा भागवत ज्ञान यज्ञ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री दशा नीमा समाज की मेजबानी में 31 मई से 6 जून तक मालगंज चौराहा स्थित नवश्रृंगारित नीमा धर्मशाला पर श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दशानीमा ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन दोपहर 4 से शाम 7 बजे तक होगा, जहाँ बुरहानपुर के प्रख्यात भागवताचार्य पं. आदित्य मुखिया के श्रीमुख से भागवत कथामृत वर्षा होगी। इस दौरान विभिन्न उत्सव भी मनाए जाएँगे।

# 200 करोड़ के टेंपल बॉन्ड, मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 1100 करोड़ रुपए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार के लिए एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत उज्जैन और आगर-मालवा के 11 प्रमुख मंदिरों के नवीनीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर लगभग 1100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना की मुख्य विशेषता यह है कि देश में पहली बार 'टेंपल बॉन्ड' जारी किए जाएंगे। संभागायुक्त आशीष सिंह ने प्रशासनिक संकुल में महत्वपूर्ण बैठक ली। इसमें उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, यूडीए(उज्जैन विकास प्राधिकरण) सीईओ संदीप सोनी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। आगर-मालवा कलेक्टर प्रीति यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ी।

इस योजना में उज्जैन के कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनी आश्रम, नवग्रह मंदिर, 84 महादेव मंदिर, अंगारेश्वर महादेव मंदिर, भूखी माता मंदिर, गढ़कालिका मंदिर और सिद्धवट मंदिर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आगर-मालवा के मां बगलामुखी मंदिर को भी इसमें जोड़ा गया है।



### श्रद्धालुओं को बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पार्किंग क्षेत्र, पेयजल व्यवस्था, यात्री सुविधा केंद्र, सड़क और मार्ग विकास, लाइटिंग तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसे कार्य किए जाएंगे। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए इन धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालु इनका लाभ उठा सकें। इस परियोजना के लिए कुल 1100 करोड़ रुपए की राशि जुटाई जाएगी। इसमें से 200 करोड़ रुपए 'टेंपल बॉन्ड' के माध्यम से जुटाने की योजना है। इसके अतिरिक्त, 275 करोड़ रुपए अर्बन चैलेंज फंड से और लगभग 625 करोड़ रुपए बैंकों से प्राप्त किए जाएंगे। ये 'टेंपल बॉन्ड' 10 साल की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि 'टेंपल बॉन्ड' जारी करने की प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी कर ली जाए, ताकि इन्हें 31 जुलाई तक लॉन्च किया जा सके। इस योजना से धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, इससे पर्यटन, होटल कारोबार, परिवहन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### भगवान बिरसा मुण्डा योजना से झाबुआ के अर्पित बने आत्मनिर्भर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिंदगी में अपने पैरों पर खड़े होने की इच्छा प्रत्येक व्यक्ति के मन में होती है। हर व्यक्ति आर्थिक एवं सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनना चाहता है, लेकिन सफलता उसी को मिलती है जो अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर निरंतर मेहनत करता है। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है झाबुआ के वार्ड क्रमांक 16, मेघनगर नाका, के अर्पित पिता पारसिंह मचार की। उन्होंने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सतत प्रयास किया। अर्पित ने स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त करने के बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया, लेकिन वे अपने कार्य से पूर्णतः संतुष्ट नहीं थे। उनके मन में स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छा थी। इसी उद्देश्य से उन्होंने अमूल पार्लर (मिल्क पार्लर) प्रारंभ करने का निर्णय लिया। व्यवसाय शुरू करने के लिए सहायता की आवश्यकता होने पर उन्होंने शासन की 'भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना' के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने का निर्णय लिया।

## नृत्य जत्रा में दूसरे दिन युवाओं को तरफा नृत्य, गोलम आदिवासी, धनगर सहित अन्य पारंपरिक लोकनृत्य का दिया प्रशिक्षण



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नई पीढ़ी को भारतीय लोक संस्कृति और पारंपरिक कला से जोड़ने के उद्देश्य से मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित चार दिवसीय लोककला एवं लोकनृत्य कार्यशाला में तरफा नृत्य, गोलम आदिवासी, धनगर, नमन, कोली, सीतकरी,वारकरी दिंडी सहित अन्य विभिन्न लोकनृत्यों का प्रशिक्षण दिया।

ज्योत्स्ना सोहनी एवं तृप्ति महाजन ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण मुबंई के प्रसिद्ध नृत्य निर्देशक, अभिनेता व लेखक अनिल नरहर सुतार द्वारा दिय । कार्यशाला के दूसरे दिन लोकमान्य नगर स्थित लोकमान्य विद्या निकेतन में जूनियर वर्ग के प्रतिभागी सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक और सीनियर वर्ग के प्रतिभागी दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

कार्यशाला को अपेक्षा से अधिक उत्साहजनक प्रतिसाद मिला है। जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में प्रतिभागियों की संख्या इजाफा हुआ। रविवार को कार्यशाला का अंतिम दिन रहेगा। उस दिन शाम को सभी प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न नृत्य समूह में रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी ।

### संत पंथ और संघ के नाम पर जिन शासन को बदनाम मत करो : मुनिश्री आदित्य सागर जी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जैन समाज आज संत, पंथ और संघ में बट गया है। आप प्रतिदिन णमो लोए सव्ब साहूणम (लोक के सभी साधुओं को नमस्कार) का उच्चारण करते हैं और माला फेरते हैं लेकिन साधु यदि आपकी मान्यताओं का ना हो तो आप उसे नमस्कार नहीं करते और तेरापंथ,बीस पंथ और साधु किस संघ का है के आधार पर साधु को नमस्कार करते हैं। अपने भीतर संत पंथ और संघ की मान्यताओं से बाहर निकलो और बिना किसी भेदभाव के णमो लोए सव्ब साहूणम के अनुसार सभी पंथों और संघों के साधुओं में भेदभाव और उनकी उपेक्षा ना करते हुए उन्हें श्रद्धा के साथ नमस्कार करो। संत पंथ और संघ की आपकी मान्यताओं से जिन शासन बदनाम हो रहा है आपकी मान्यताएं आपको पाप में ले जाएंगी। यह उद्गार आज दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन धर्म सभा को संबोधित करते हुए श्रुत संवेगी महाश्रमण आदित्य सागर जी महाराज ने व्यक्त किए। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि धर्म सभा में मुनिश्री ने पुण्य पाप की भी चर्चा की और कहा कि सभी संसारी प्राणी पुण्य के फल की इच्छा करते हैं लेकिन पुण्य कार्य नहीं करते इसी प्रकार पाप का फल भी कोई नहीं चाहता लेकिन पाप सभी करते हैं। रात्रि भोजन, दैनिक जीवन एवं व्यवहार और व्यापार में झूठ, चोरी, हिंसा, कुशील, और परिग्रह,एवं ईर्ष्या, द्वेष और कषाय यह सब पाप की क्रियाएं हैं।

## दया, करुणा और परमार्थ जैसे गुण ही हमें मानव से महामानव बनाएंगे



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय संस्कृति में विवाह ही वह व्यवस्था है जो समाज को मर्यादा और शालीनता में बांधे हुए है। समाज में कंस प्रवृत्ति द्वापर युग में भी थी, त्रेता युग में भी रही और आज भी है। रुक्मणी विवाह भगवान का नारी के प्रति मंगलभाव का सूचक है। सोना, चांदी और पैसा तो चुराया जा सकता है लेकिन ज्ञान और भक्ति ऐसे अनमोल खजाने हैं, जिन्हें कोई नहीं चुरा सकता। मनुष्य जीवन हमें परमात्मा की ओर से दिया गया दुर्लभ उपहार है। अपनी जिम्मेदारियों से पलायन करना कतई उचित नहीं है। धन का सबसे बड़ा सदुपयोग यही है कि वह जरूरतमंद लोगों की आँखों के आंसू पोछने के काम आए। जीवन में दया, करुणा और परमार्थ जैसे गुण ही हमें मानव से महामानव बना सकते हैं। ये दिव्य विचार हैं श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के, जो उन्होंने शुक्रवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के छठे दिन रुक्मणी विवाह सहित विभिन्न प्रसंगों के दौरान उपस्थित जन सैलाब को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए। कथा में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह का जबरदस्त उत्सव मनाया गया। वर-वधू पक्ष ने नाचते-गाते हुए बारात के रूप में एकदूसरे का स्वागत पुष्प वर्षा के बीच किया। साध्वी कृष्णानंद द्वारा के बधाई के मधुर गीतों की प्रस्तुतियों ने इस उत्साह को कई गुना अधिक उल्लास से भर दिया। वर-वधू ने एकदूजे को जैसे ही वरमाला पहनाई, सत्संग सभागृह भगवान के जयघोष से गूंज उठा।

## मुख्यमंत्री की विशेष पहल पर आशापुरा में विकसित हो रही विशाल गौशाला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष पहल पर इंदौर जिले के ग्राम आशापुरा में विकसित की जा रही वृहद गौशाला का आज कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों के दल के साथ निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, पूज्य स्वामी अच्युतानंद जी महाराज, एसडीएम महू राकेश परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला निर्माण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि इसका लाभ जल्द से जल्द गौवंश संरक्षण एवं सेवा के लिए मिल सके।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आशापुरा में गौमाताओं के लिए एक विशाल एवं आधुनिक गौशाला विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है तथा सभी अधिकारियों और संत समाज के प्रतिनिधियों के साथ कार्यों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि गौशाला पूर्ण होने के बाद यहां लगभग 10 हजार गौमाताओं के निवास और देखभाल की व्यवस्था की जा सकेगी। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि यह परियोजना केवल गौसेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन से भी जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत परिसर में तालाब का निर्माण कराया गया है।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिलावट के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा निरंतर जांच एवं सैंपलिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 29 मई को बेक समोसा बनाने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई एवं बेक समोसा, क्रीम रोल, चटनी, नमकीन एवं व्हिप क्रीम के नमूने जांच हेतु लिए गए। खाद्य विभाग की टीम द्वारा छोटा बांगड़दा स्थित आदित्य राज बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में गंभीर अनियमितताएं एवं अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियां पाई गईं। मौके पर प्रतिष्ठान हेतु वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। परिसर में गंदगी पाई गई तथा कार्य कर रहे कारीगरों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं पाए गए।

### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी के मार्गदर्शन एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### सेना के सहारे परीक्षा: 22 लाख सपनों के बीच व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट-यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। किसी भी परीक्षा के दौरान अगर प्रश्नपत्र लीक होता है या अन्य कोई गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब यही है कि उसके संचालन से जुड़ा तंत्र परीक्षा की शुचिता को सुनिश्चित कराने में नाकाम रहा। हाल ही में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद नीट-यूजी परीक्षा को जिस तरह रद्द किया गया, उससे साफ है कि पहले हुई ऐसी कई घटनाओं के बावजूद आयोजन में हर हाल में शुचिता तय करने को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने जरूरी सबक नहीं सीखा। नतीजतन, नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र फिर अवैध रूप से बाहर हुए और ऊंची कीमतों पर बेचे गए। विडंबना यह है कि इस भ्रष्ट लेन-देन और इसके जरिए परीक्षा में कामयाब होने की कोशिश करने वाले कुछ लोगों की करतूतों का खमियाजा करीब बाईस लाख उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ा, जिन्होंने ईमानदारी से अपनी मेहनत के बूते परीक्षा दी थी। ऐसे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की पीड़ा प्रश्नपत्र लीक करने और उसका फायदा उठाने वाले गिरोहों की हरकत के खुलासे से उपजे शोर में दब कर रह गई। विचित्र है कि इस घटना की परतें खुलने के बाद शीर्ष स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय करने तथा संचालन के तंत्र में पाई गई खामी को पूरी तरह दुरुस्त करने या इस मसले पर अधिकतम सख्ती बरतने के बजाय सुरक्षित तरीके से परीक्षा कराने के लिए अब सेना का सहारा लेने की खबर आई है। यानी एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट-यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले में पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए हुई बैठक में प्रश्नपत्र तैयार करने और उनकी छपाई से लेकर परिवहन, सुरक्षा और परीक्षा केंद्र तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए वायुसेना की मदद लेने पर सहमति बनी।

## क्यों बार बार उठती है कर्नाटक के मुख्यमंत्री बदलने की बात, क्या है पूरी कहानी

स्पष्ट है कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा का मुख्य कारण मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के। शिवकुमार के बीच 'सत्ता के बंटवारे' का अंदरूनी विवाद है। 2023 में कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद से ही डी.के। शिवकुमार खेमा ढाई-ढाई साल के रोटेशनल फॉर्मूले के तहत उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहा है। 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस आलाकमान ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और डी.के। शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया था। शिवकुमार खेमे का दावा है कि हाईकमान ने आधा कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री की कुर्सी उन्हें सौंपने का वादा किया था।

बीते महीनों में कई बार नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें सामने आईं। डीके समर्थक खुले तौर पर सत्ता हस्तांतरण की बात करते रहे, जबकि सिद्दारमैया खेमे ने इसे खारिज किया। इससे सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर असहज स्थिति बनी रही। विपक्षी भाजपा और जेडीएस भी लगातार कांग्रेस की अंदरूनी कलह को मुद्दा बनाते रहे। कांग्रेस हाईकमान की सबसे बड़ी चिंता यह थी कि यदि यह संघर्ष लंबा चला तो उसका असर 2028 के विधानसभा की तैयारी और दक्षिण भारत में पार्टी की स्थिरता पर पड़ सकता है। इसलिए अब पार्टी नेतृत्व एक स्पष्ट सत्ता परिवर्तन मॉडल की ओर बढ़ता दिख रहा है।

हालांकि, सूत्रों का कहना है कि चर्चा सिर्फ मुख्यमंत्री बदलने तक सीमित नहीं है। दरअसल राज्यसभा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवार तय करने पर भी मंथन हो रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे का नाम राज्यसभा के लिए प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है। इसके अलावा, विधान परिषद की तीन खाली सीटों पर भी चर्चा चल रही है। एक सीट पर सरकार के पास बहुमत है, बाकी को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। यानी 'पावर बैलेंस' और संगठनात्मक समीकरण को साधने की कोशिश जारी है।

पार्टी के अंदरूनी संकेत बताते हैं कि डीके शिवकुमार को संगठन और हाईकमान का मजबूत समर्थन मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने कर्नाटक में पार्टी को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि सत्ता और संगठन के बीच संतुलन बनाने के लिए नेतृत्व परिवर्तन पर गंभीरता से विचार हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाय कमान की बैठक में सीएम की कुर्सी ट्रांसफर करने के लिए कांग्रेस ने बीजेपी का बिहार फॉर्मूला निकाल सकता है। जिस तरह बिहार में नीतीश कुमार को राज्यसभा और उनके बेटे को सम्राट चौधरी कैबिनेट में जगह दी गई है, उसी तरह सिद्धारमैया को ऑफर दिया गया है।



सूत्रों के अनुसार, मैराथन मीटिंग के बाद हाईकमान ने सिद्धारमैया को सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया है। साथ ही उनके बेटे में डीके शिवकुमार के कैबिनेट में जगह दी जाएगी।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने छह घंटे से अधिक समय तक कांग्रेस हाई कमान मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और राज्य प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के साथ बिताए। उसी दिन राहुल ने एक एकांत बैठक के दौरान सिद्धारमैया से पार्टी में राष्ट्रीय भूमिका निभाने पर विचार करने को कहा। उनसे एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा गया। बहरहाल वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में नेतृत्व परिवर्तन पर चर्चा की बातों को अटकलें बताकर हालाँकि खारिज कर किया है । उन्होंने कहा कि बैठकें आगामी राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों तक ही सीमित थीं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि सिद्धारमैया ने राहुल से कहा कि उनकी राष्ट्रीय राजनीति में आने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं है, लेकिन राहुल ने जोर दिया कि वह कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए इस अनुभवी OBC नेता को अपनी टीम में चाहते हैं। राहुल अब तक सिद्धारमैया को बदलने के विचार का विरोध करते रहे थे, जबकि पार्टी के शीर्ष पदों पर बैठे अन्य लोगों का मानना था कि नेतृत्व में बदलाव से कांग्रेस को मदद मिल सकती है। सिद्धारमैया जी भले ही इस घटनाक्रम से इंकार करें धुंवा तभी निकलता है जब कोई चिंगारी निकलती है ।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार सिद्धारमैया ने कोई भी फैसला लेने से पहले अपने वफादारों से सलाह-मशविरा करने के लिए समय मांगा। चर्चाओं के दौरान, उन्होंने संकेत दिया कि वह राहुल का सामना करने के बजाय पद छोड़ना पसंद करेंगे। राहुल ने ही अपने करियर में दो बार उन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन दिया था, भले ही कांग्रेस के भीतर उन्हें एक बाहरी व्यक्ति के तौर पर देखा जाता रहा हो। राहुल के इस पुनर्विचार का क्षण वही है जिसका शिवकुमार पिछले छह महीनों से इंतजार कर रहे थे। वह शुरू से ही यह कहते आ रहे थे कि सरकार गठन के समय उनसे बारी-बारी से कार्यकाल (रोटेशनल टेन्योर) का वादा किया गया था। जब 2023 में कांग्रेस ने भाजपा को हराकर राज्य चुनाव जीता था, तब शिवकुमार ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे।

सूत्रों ने बताया कि सिद्धारमैया के खेमे में इस बात पर चर्चा हुई कि उन्हें अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए। इसके लिए वह इस्तीफा देने से इनकार करें या पद छोड़कर और किसी भी राष्ट्रीय भूमिका को ठुकराकर। अगर सिद्धारमैया राज्यसभा में जाने के लिए राज़ी हो जाते हैं, तो इससे विपक्ष के नेता के पद में बदलाव की ज़रूरत पड़ सकती है, जो अभी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पास है।

कई लोगों का मानना है कि राज्यसभा में सिद्धारमैया विपक्ष के नेता (LoP) के लिए एक मज़बूत दावेदार हो सकते हैं, जिससे कांग्रेस को OBC वोट बैंक में मदद मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, राहुल की टीम ने बातचीत के दौरान सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र के लिए कैबिनेट में संभावित जगह देने पर भी चर्चा की। जून में कर्नाटक से राज्यसभा की चार सीटों के लिए होने वाले चुनावों से पहले, 77 साल के इस नेता को राज्यसभा में भेजने की संभावना तेज़ हो गई है। कांग्रेस को कम से कम तीन सीटें जीतने का भरोसा है।

यह देखना बाकी है कि क्या मुख्यमंत्री चुपचाप डीके शिवकुमारको अपनी जगह लेने देते हैं, या इसका विरोध करते हैं, जिससे किसी तीसरे उम्मीदवार के लिए समझौते का रास्ता खुल सकता है। सिद्धारमैया खेमे का कहना है कि वह अभी भी विधायक दल की पहली पसंद हैं, और उन्होंने अपनी अहमियत साबित करने के लिए 108 विधायकों के दस्तखत वाली एक लिस्ट सौंपी है। AICC की चर्चाओं के बाद, सिद्धारमैया ने अपने करीबी मंत्रियों और विधायकों से अपने वरिष्ठ मंत्री के.जी। जॉर्ज के दिल्ली स्थित घर पर मुलाक़ात की। उम्मीद है कि वह अपने आगे के कदम तय करने से पहले बुधवार को बेंगलुरु में एक और दौर की बातचीत करेंगे।

राजनीतिक दृष्टि से यह खीचतान कांग्रेस के लिए फायदे और जोखिम दोनों लेकर आती है। फायदा यह है कि पार्टी डीके शिवकुमार को पूरी तरह संतुष्ट कर सकती है। लंबे समय से इंतजार कर रहे डीके को मुख्यमंत्री बनाने से संगठन में उनका प्रभाव और बढ़ेगा तथा वे 2028 के विधानसभा चुनाव तक अपनी टीम तैयार कर पाएंगे। दूसरी ओर, सिद्दारमैया को राज्यसभा भेजकर कांग्रेस उनके अनुभव का इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर पर करना चाहती है। दक्षिण भारत में भाजपा के खिलाफ विपक्षी रणनीति तैयार करने, सामाजिक न्याय के मुद्दों को उठाने और ओबीसी राजनीति को मजबूती देने में उनकी भूमिका अहम हो सकती है। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्य में कैबिनेट में फेरबदल की सिद्धारमैया की मांग पर AICC की बैठकों में कोई चर्चा नहीं हुई, इससे यह संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने की कोई गारंटी नहीं थी। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व राजस्थान जैसे संकट से बचना चाहता था, और इसलिए उसने तनावपूर्ण समाधान के बजाय बातचीत के ज़रिए बदलाव को प्राथमिकता दी। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने हाल ही में यह तर्क दिया है कि नेतृत्व में कोई भी बदलाव सिद्धारमैया की सहमति से ही होगा, क्योंकि पार्टी उनकी वरिष्ठता के साथ-साथ इस बात का भी ध्यान रखती है कि वह एक वरिष्ठ OBC नेता हैं, जिनकी सोशल इंजीनियरिंग से पार्टी को राजनीतिक फ़ायदा मिलता है। राज्य के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी को सिद्धारमैया को हटाने के संभावित नतीजों पर विचार करना होगा। उनके समुदाय, कुरुबा, का पूरे राज्य में प्रभाव है और वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की ताकत रखता है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

# आंचलिक

## संस्कार शिविर में बच्चे सीख रहे संस्कृति और अनुशासन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खातेगांव** ● नेमावर नर्मदा तट पर स्थित विश्नोई संत आश्रम में गुरुवार को पांच दिवसीय जाम्भाणी संस्कार शिविर के चौथे दिन विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। इस शिविर में हरदा, देवास, खंडवा और नर्मदापुरम जिलों के 90 बच्चे भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। जाम्भाणी साहित्य अकादमी बीकानेर के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 10 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे शामिल हैं। शिविर प्रभारी कैलाश गोदारा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह की शुरुआत योग और खेलकूद के साथ होती है। बच्चों को अनुशासन, ईमानदारी, बड़ों का सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आश्रम परिसर बच्चों के संस्कार गीतों और प्रेरक सत्रों से गूंज रहा है, जहां उन्हें भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा दी जा रही है। शिविर के माध्यम से नई पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण को पाठ्यक्रम का मुख्य हिस्सा बनाया गया है। सह प्रभारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि बच्चों को न केवल धार्मिक शिक्षा दी जा रही है, बल्कि उन्हें सही-गलत की पहचान करने और सेवा भाव विकसित करने के लिए भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय शिविर की शुरुआत सोमवार को स्वामी आत्मानंद महंत और न्याय समिति अध्यक्ष हीरालाल खोखर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई थी। शिविर में शामिल सभी बच्चों के रहने और भोजन की व्यवस्था आश्रम परिसर में ही की गई है।

## 30 लाख खर्च कर बनाई 36 दुकानें नहीं आ रही काम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● शहर में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा कुंदा नदी किनारे चौपाटी पर बनाई गई 36 दुकानें तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो सकीं। करीब 30 लाख रुपए की लागत से बने इस प्रोजेक्ट से अब तक नगर पालिका को एक रुपए की भी आमदनी नहीं हुई है। देखरेख के अभाव में दुकानें बदहाल होती जा रही है। अधिकांश दुकानों के शॅटर टूट चुकी है। दुकानों के टीन भी अब उखड़ने लगे है। अंधेरा होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लग जाता है।

नगर पालिका ने प्रत्येक दुकान के निर्माण पर करीब 85 हजार रुपए खर्च किए थे। योजना थी कि दुकानों के संचालन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और चौपाटी क्षेत्र विकसित होगा, लेकिन निर्माण के बाद से ही पूरा प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ है। लंबे समय से बंद पड़ी दुकानों के ताले टूट चुके हैं और खिड़की-दरवाजों में भी तोड़फोड़ की जा रही है। रात के समय यह क्षेत्र असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बनता जा रहा है। वर्तमान में न तो दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू हुई है और न ही रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है। समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर लाखों रुपए की यह सरकारी संपत्ति पूरी तरह जर्जर होने का खतरा बढ़ गया है।

## आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, बसों से वसूला 44,500 रुपए जुर्माना, 4 ऑटो रिक्शा जब्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● ओंकारेश्वर में यात्रियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाली 13 यात्री बसों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 44 हजार 500 रुपए का शमन शुल्क (जुर्माना) वसूला गया। वहीं, बिना जरूरी दस्तावेजों के नियम विरुद्ध संचालित 4 ऑटो रिक्शा को जब्त कर मांधाता थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दीपक मांझी ने बताया कि अभियान के तहत कुल 52 यात्री बसों की जांच की गई। इस दौरान वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी) की बारीकी से पड़ताल हुई, जिनमें अनियमितताएं मिलने पर चालान बनाए गए। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित सफर मुहैया कराने और सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए भविष्य में भी यह सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।



## महापौर, विधायक दोनों सही, पार्टी परिवार में मनभेद नहीं- सुरेंद्र शर्मा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● महापौर और विधायक के बीच चल रही अनबन तथा नगर निगम के कामों की समीक्षा को लेकर उठे विवाद का मामला अब संगठन स्तर तक पहुंच गया है। शुक्रवार को खंडवा पहुंचे भाजपा के निमाड़ संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आपसी मनमुटाव खत्म कर एकजुटता के साथ काम करने की हिदायत दी। संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा परिवार के नेताओं के बीच कोई मनभेद नहीं है। कुछ मामलों में मतभेद जरूर हो सकते हैं। उन्होंने माना कि विधायक और महापौर के बीच का मामला उनके संज्ञान में आया है और इस संबंध में शिकायतें भी मिली हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कर प्रदेश संगठन को अवगत कराया जाएगा। हालांकि फिलहाल जो बातें सामने आई हैं, उसके अनुसार विधायक और महापौर दोनों ही अपनी-अपनी जगह सही हैं। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि, खासकर विधायक को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उसके क्षेत्र में कौन-कौन से काम चल रहे हैं।

## कांग्रेस ने गृहमंत्री शाह का पुतला फूंका, 'वनवासी' संबोधन पर सेगांव में प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● सेगांव में जिला आदिवासी कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गृहमंत्री द्वारा आदिवासियों को 'वनवासी' संबोधित किए जाने के विरोध में किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष दिनेश मुकाती ने किया। पदाधिकारियों ने बताया कि 24 मई को दिल्ली में भाजपा के जनजातीय संस्कृति समागम कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आदिवासियों को 'वनवासी' कहा था। संगठन का आरोप है कि आदिवासियों को 'वनवासी' कहकर उनके जल, जंगल और जमीन के अधिकारों को छीनने की साजिश की जा रही है। आदिवासी स्वयं को जल, जंगल, जमीन का मालिक मानते हैं, जबकि सरकार उन्हें 'वनवासी' बताकर उनके हक मारना चाहती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने इस बयानबाजी को आदिवासियों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह सत्ता के घमंड में आदिवासी अस्मिता का अपमान है। नाईक ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में आदिवासियों को इसका जवाब मिलेगा और देश संविधान से चलेगा, मनमानी से नहीं। इस विरोध प्रदर्शन में सेगांव ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मंडलोई, कपिल पवार, सावन चौहान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूल की बाउंड्री तोड़ खेल मैदान पर कब्जे का आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● सरदारपुर तहसील के ग्राम भोपावर स्थित शासकीय विद्यालय फिफरफलिया की भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। विद्यालय प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि ग्राम भोपावर के सरपंच प्रतिनिधि मदन पिता मांगीलाल मखोड और समीपस्थ ग्राम बिछिया निवासी विजय पिता रमेश पाटीदार ने विद्यालय की बाउंड्री वॉल और खेल मैदान पर कब्जा कर लिया है। जानकारी के अनुसार, विद्यालय परिसर में शासकीय राशि से लगभग 1400 वर्ग फीट क्षेत्र में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया था। यह कार्य जनपद पंचायत से स्वीकृत था। आरोप है कि बाद में इसी बाउंड्री वॉल के बीचों-बीच एक और दीवार खड़ी कर परिसर को दो भागों में बांट दिया गया, जिससे विद्यालय की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि यह कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान किया गया, ताकि विद्यालय बंद होने के कारण किसी को इसकी जानकारी न मिल सके। हालांकि, आवश्यक कार्य से विद्यालय पहुंची प्रधान अध्यापिका संगीता परमार ने मौके पर नई दीवार देखी और तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

### बाउंड्री वॉल पर स्लोगन लिखवाने का भी आरोप

इतना ही नहीं, सरपंच प्रतिनिधि मदन मखोड पर यह भी आरोप है कि उन्होंने बाउंड्री वॉल पर अपने पिता की स्मृति में निर्माण करवाने संबंधी स्लोगन लिखवा दिया, जबकि यह निर्माण कार्य शासकीय राशि से हुआ था। इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रधान अध्यापिका संगीता परमार ने शुक्रवार को सरदारपुर एसडीएम सलोनी अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ जोशुआ पीटर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मामले की लिखित शिकायत सौंपी है। उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, सरपंच प्रतिनिधि मदन मखोड ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि आवेदन देना संबंधित पक्ष का अधिकार है और यदि वे गलत होंगे तो जांच में सब स्पष्ट हो जाएगा। उनके अनुसार, उनके खिलाफ झूठा आवेदन दिया गया है और जांच के बाद पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी।

# मध्य प्रदेश लीग में बड़े इरादों के साथ उतरेगी जबलपुर रॉयल लायंस

## 'यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन होगा' – राहुल बाथम

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) के बहुप्रतीक्षित नए सीजन के करीब आते ही जबलपुर रॉयल लायंस (जेआरएल) नए आत्मविश्वास, मजबूत तैयारियों और इस वर्ष प्रभावशाली प्रदर्शन के स्पष्ट इरादे के साथ टूर्नामेंट में उतरने जा रही है। संतुलित टीम संयोजन, अनुभवी सपोर्ट स्टाफ और निडर खेल शैली के दम पर फ्रेंचाइजी को भरोसा है कि यह उसका अब तक का सबसे मजबूत अभियान साबित हो सकता है। सीजन से पहले टीम की तैयारी और मानसिकता पर विश्वास जताते हुए सीनियर ऑलराउंडर राहुल बाथम ने कहा, 'टीम के भीतर तैयारियां, मानसिकता और ऊर्जा बेहद सकारात्मक हैं। हमने ऐसी टीम तैयार की है जिसमें प्रतिभा, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन करने की भूख है। हमारा उद्देश्य केवल भाग लेना नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाना, निडर क्रिकेट खेलना और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करना है। यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन होगा, क्योंकि हम शेरों की तरह खेलेंगे और चैंपियंस की तरह जीतेंगे।'




इस सीजन की टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का शानदार संतुलन देखने को मिलेगा। हेड कोच आनंद राजन का मानना है कि यही संयोजन टीम की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी साबित होगा।

राजन ने कहा – 'हमने एक मजबूत टीम संस्कृति विकसित करने पर कड़ी मेहनत की है, जहाँ अनुशासन, तैयारी और उसे मैदान पर प्रभावी ढंग से लागू करना सबसे महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग के दौरान शानदार प्रतिबद्धता दिखाई है और हम ऐसी टीम तैयार कर रहे हैं, जो पूरे आत्मविश्वास और इरादे के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। हमारा लक्ष्य सकारात्मक क्रिकेट खेलना और इस सीजन में अपने समर्थकों को जश्न मनाने के कई अवसर देना है।' जोर-शोर से चल रही तैयारियों के बीच जबलपुर रॉयल लायंस पूरे आत्मविश्वास और अपने प्रशंसकों की उम्मीदों के साथ एमपीएल सीजन में कदम रख रही है। टीम प्रबंधन का मानना है कि निरंतरता, टीम वर्क और निडर प्रदर्शन इस वर्ष टीम के अभियान की पहचान होंगे। जबलपुर रॉयल लायंस के प्रमोटरों की ओर से वीकॉर्प के जनरल मैनेजर लव मलिक ने कहा, 'हम एक मजबूत सीजन को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं, क्योंकि टीम संतुलित है और खिलाड़ी एक-दूसरे के पूरक हैं। यह युवा ऊर्जा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है।'

## मंधाना की कप्तानी में भारतीय टीम ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

**चेल्म्सफोर्ड (एजेंसी)** ● भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां इंग्लैंड को पहले टी20 मुकाबले को 38 रनों से हराकर चार मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। नियमिल कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिये जाने के कारण इस मैच में स्मृति मंधाना कप्तानी कर रहीं थीं पर वह बल्लेबाजी में विफल रहीं और अपना खाता भी नहीं खोल पायीं। मंधाना पहली ही गेंद पर पेवेलियन लौट गयीं। मंधाना, इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल का शिकार बनी। गईं। मंधाना किसी टी20 क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय में मैच की पहली गेंद पर आउट होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। मंधान के आउट होने के बाद युवा बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने 69 रन और यास्तिका भाटिया ने 54 रन बनाकर पारी संभाली। इससे भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 188 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी। केवल विकेटकीपर-बल्लेबाज एमी जोन्स ने 67 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से नंदनी शर्मा ने चार ओवर में केवल 34 रन देकर 3 विकेट लिए।

## आईसीसी ने महिला टी20 विश्व के लिए मैच अधिकारी घोषित किये

**दुबई (एजेंसी)** ● अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले माह जून में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। इसके लिए घोषित सभी मैच अधिकारी महिलाएं हैं। यह लगातार तीसरा अवसर है जब टूर्नामेंट में पूरी तरह से महिला मैच अधिकारियों को रखा गया है। इस पैनल में चार अधिकारी कैंडेस ला बोर्डे, गायत्री वेणुगोपालन, केरिन क्लास्टे और शतिरा जाकिर जेसी हो पहली बार पैनल में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने बताया कि महिला मैच अधिकारियों यह पैनल खेल के सभी पहलुओं में प्रतिनिधित्व बढ़ाने और महिला अधिकारियों की प्रगति के प्रति आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इसमें 33 मैचों के लिए कुल 14 अंपायर और चार मैच रेफरी रखे गये हैं। जिनमें से 9 अधिकारी 2024 एडिशन से वापस लौटेंगे।



## फिल्म 'शिवा ट्रिलॉजी' जैसा हिस्सा बनना मेरा सपना: त्रिधा

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने कहा कि वह भविष्य में अभिनेता रणवीर सिंह के साथ काम करने की प्रबल इच्छुक हैं। त्रिधा ने आगे कहा कि अगर उन्हें शिवा ट्रिलॉजी जैसी किसी पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा, क्योंकि यह उनकी आस्था और अभिनय के प्रति जुनून दोनों को संतुष्ट करेगा। जब त्रिधा से पूछा कि अगर उन्हें भविष्य में किसी बड़े ऐतिहासिक या पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह किस तरह का किरदार निभाना पसंद करेंगी, तो इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा कि वह लेखक अमिश त्रिपाठी की मशहूर किताब शिवा ट्रिलॉजी पर बनने वाली फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगी। यह सीरीज भगवान शिव की गाथा को आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है, जिससे यह कलाकारों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। त्रिधा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, मैंने हाल ही में सुना है कि रणवीर सिंह ने शिवा ट्रिलॉजी के फिल्मी राइट्स खरीद लिए हैं। यह खबर सुनकर मैं काफी उत्साहित हूं, क्योंकि यह प्रोजेक्ट उनके नेतृत्व में और भी भव्य और प्रभावशाली बन सकता है। मैं रणवीर सिंह की बहुत बड़ी फैन हूं और उन्हें एक अभिनेता के तौर पर बेहद पसंद करती हूं।



## मौनी रॉय ने खूबसूरत तस्वीरें साझा कर फ्रेंच रिवेरा को कहा अलविदा

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। कान्स में अपने आखिरी दिन मौनी रॉय ने एक बार फिर बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा कर फ्रेंच रिवेरा को अलविदा कहा है। उनके इस नए लुक के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी भी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई मनमोहक तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह फ्रांस के सुरम्य तटों पर, समुद्र के सामने बनी एक बालकनी में खड़ी नजर आ रही हैं, जहाँ से नीले पानी का विहंगम दृश्य दिखाई दे रहा है। उन्होंने वाइट और ब्लू कलर की प्रिंटेड लॉन्ग ड्रेस पहनी है, जिसमें फूलों और पैटर्न का आकर्षक मिश्रण है। इस ड्रेस में वह बेहद खूबसूरत और शांत लग रही थीं, मानो प्रकृति की सुंदरता का ही एक हिस्सा हों। तस्वीरों में वह अलग-अलग अंदाज में पोज देती दिखाई दे रही हैं; कहीं वह हल्की मुस्कान के साथ कैमरे की तरफ देख रही हैं तो कहीं समुद्र की ओर देखते हुए प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले रही हैं। अपने पूरे लुक को मौनी ने बेहद सिंपल, लेकिन बेहद स्टाइलिश और क्लासी रखा। उन्होंने अपने बालों का जूड़ा बनाया हुआ था, जिससे उनके चेहरे की खूबसूरती और भी निखर रही थी। इसके साथ उन्होंने ज्यादा गहने नहीं पहने, बल्कि सिर्फ एक बड़ा कड़ा हाथ में पहना हुआ था, जो उनके लुक को एक परिष्कृत स्पर्श दे रहा था। लाइट मेकअप से उनका चेहरा निखर रहा था, जिसने उनकी प्राकृतिक सुंदरता को उभारा।

# उज्जैन संभाग

## ट्रैक्टर से कुचलकर मासूम की मौत:सड़क निर्माण के दौरान हादसा, चालक पर केस दर्ज

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● महाकाल थाना क्षेत्र के ग्राम गोंसा में सड़क निर्माण काम के दौरान गुरुवार शाम को एक हादसा हो गया। निर्माण स्थल पर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची वंशिका की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम हुआ। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, धार जिले की ग्राम पंचायत सेबरीमाल भड़लिया के निवासी प्यारेसिंह सहित कई मजदूर पिछले लगभग दो महीने से उज्जैन में सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। गुरुवार देर शाम गोंसा रोड क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा था। मजदूर ट्रैक्टर से निर्माण सामग्री उतारकर सड़क का काम कर रहे थे और उनके बच्चे पास में ही खेल रहे थे। इसी दौरान, खेलते-खेलते तीन वर्षीय बच्ची अचानक ट्रैक्टर के सामने आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन कम दूरी के कारण ट्रैक्टर समय पर नहीं रुक सका और बच्ची उसकी चपेट में आ गई। इस हादसे में बच्ची के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद, निर्माण स्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत बच्ची को संभाला और पुलिस को सूचना दी। महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने न्याय की मांग की। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक बच्ची के परिजनों ने चालक की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण बताया है। परिजनों का कहना है कि ट्रैक्टर को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने के लिए कहा गया था, लेकिन चालक ने इस पर ध्यान नहीं दिया। वहीं, निर्माण कार्य से जुड़े प्रतिनिधि नौशाद ने बताया कि मजदूर सड़क निर्माण कार्य में व्यस्त थे और बच्ची अचानक वाहन के सामने आ गई, जिसके कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

## महाकाल मंदिर में सगाई की रस्म निभाई, गणेश मंडपम में पहनाई रिंग

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● महाकाल मंदिर में कई श्रद्धालु प्रतिबंध के बावजूद मंदिर में प्रवेश से लेकर भगवान के दर्शन तक की रील बनाकर पोस्ट करते हैं। लेकिन, दिल्ली के दो भक्तों ने न सिर्फ रील बनाई, बल्कि एक-दूसरे को रिंग पहनाकर सगाई करने का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी कर दिया। मामला नंदी हॉल के पास पहले बैरिकेड का है। वीडियो में महाकाल शिवलिंग के सामने युवक पहले युवती को रिंग पहनाता नजर आ रहा है, वहीं बाद में युवती भी युवक को रिंग पहनाकर सगाई की रस्म निभाती दिखाई दे रही है। यह वीडियो पुलकित मल्होत्रा और गिन्नी खंडूजा ने अपनी इंस्टा आईडी पर पोस्ट किया था। जिसमें लिखा है, 'जब महाकाल राजी तो क्या करेगा काजी।' वीडियो में युवक और युवती प्रोटोकॉल वाले रास्ते से मंदिर में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस दौरान किसी ने भी उन्हें वीडियो बनाने से नहीं रोका। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मंदिर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद गणेश मंडपम के पहले बैरिकेड से दर्शन करते हुए दोनों एक-दूसरे को डिब्बे से रिंग निकालकर पहनाते हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद महाकाल मंदिर समिति के सहायक प्रशासक आशीष पलवड़िया ने तुरंत संज्ञान लेते हुए यूट्यूब से वीडियो डिलीट करवा दिया। वहीं, वीडियो बनाने वाले और दोनों को प्रोटोकॉल के रास्ते दर्शन की व्यवस्था कराने वाले का भी पता लगा लिया गया। पता चला कि वीडियो में दिख रहे युवक-युवती को मंदिर के पुजारी के माध्यम से प्रवेश मिला था। वीडियो भी किसी सहायक ने ही बनाया था। मंदिर की आईटी शाखा से सीसीटीवी फुटेज निकालकर उन पर भी कार्रवाई की बात कही गई है। वीडियो वायरल होने के बाद वीडियो में दिख रहे युवक और युवती के मंदिर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी की जा रही है। पुलकित और गिन्नी द्वारा पोस्ट किए गए सगाई के वीडियो को 24 घंटे के भीतर 8 लाख से अधिक लाइक्स मिले हैं। लेकिन अब सवाल यह उठता है कि महाकाल मंदिर समिति के कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी उस समय कहां थे, जब दोनों ने गणेश मंडपम में एक-दूसरे को रिंग पहनाकर सगाई की रस्म निभाई और वीडियो बनाया, जबकि मंदिर में वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इससे पहले दोनों वीआईपी प्रवेश द्वार से एंट्री लेते हुए भी नजर आ रहे हैं। ऐसे में सवाल यह भी है कि उन्होंने प्रोटोकॉल से प्रवेश किया था या फिर किसी जुगाड़ से वीआईपी गेट से दर्शन के लिए पहुंचे थे।

## विक्रमनगर में जलसंकट, टैंकर आते ही पाइप लेकर टूट पड़ते हैं लोग

दैनिक इंदौर संकेत




**उज्जैन** ● विक्रमनगर क्षेत्र की गांधीनगर और आसपास की कॉलोनियों में भीषण जलसंकट है। यहां करीब 400 परिवार वर्षों से नियमित पानी की आपूर्ति और नल कनेक्शन का इंतजार कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे लोगों की दिनचर्या पानी के इंतजार में बीत रही है। निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में नियमित जल आपूर्ति न होने के कारण वे पूरी तरह से पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) विभाग के पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। हालांकि, ये टैंकर भी दो से तीन दिन में एक बार ही पहुंचते हैं। टैंकर आने पर पानी भरने के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। लोग अपने घरों के बाहर ड्रम, केन, बाल्टियां और लंबी पाइप लेकर इंतजार करते रहते हैं। गांधीनगर में जैसे ही पानी का टैंकर पहुंचता है, गलियों में भीड़ उमड़ पड़ती है। महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर सभी पानी भरने के लिए टैंकर की ओर दौड़ पड़ते हैं। कई लोग चलते टैंकर में पाइप डालकर पानी भरते हैं, जबकि कुछ टैंकर पर चढ़ जाते हैं। पानी भरने की होड़ में अक्सर धक्का-मुक्की और विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

स्थानीय निवासी सीमा परमार ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या इतनी गंभीर है कि लोगों को पीने का पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार पड़ोसी भी पानी देने से मना कर देते हैं, क्योंकि हर घर में पानी की कमी है। परमार के अनुसार, कई परिवार अस्पताल क्षेत्र के पास से डिब्बों में पीने का पानी भर कर लाते हैं, जबकि नहाने-धोने के लिए अलग से व्यवस्था करनी पड़ती है। एक अन्य निवासी रेखा ने बताया कि यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है। पानी के टैंकर के आने का कोई निश्चित समय नहीं होता। यह कभी शाम को तो कभी देर रात पहुंचता है। लोग घंटों इंतजार करते रहते हैं। कई महिलाओं को अपनी मजदूरी और घर का काम छोड़कर केवल पानी के इंतजार में बैठना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'यदि पानी नहीं भर पाए, तो पूरे परिवार को परेशानी उठानी पड़ती है।'



## जल संकट के बीच जेसीबी ने फोड़ी पाइपलाइन, कई इलाकों में बहा पानी

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● शुक्रवार सुबह जेसीबी की खुदाई के दौरान गंभीर की मेन पाइपलाइन फूट गई। जिससे लाखों गैलन पानी कई घंटों तक बहता रहा। घटना के दौरान पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। मामले में नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई, लेकिन निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, दोपहर 12 बजे मेन पाइपलाइन जोड़ दी गई। जानकारी के अनुसार, शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए करीब 11 अरब रुपए की हरियाखेड़ी परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसी दौरान लापरवाही के कारण गंभीर की मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से पुराने शहर के केवल 20 प्रतिशत घरों में ही पानी की सप्लाई हो सकी। बताया गया कि खुदाई के समय इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं था। इसी वजह से जेसीबी चालक ने गंभीर की मेन राइजिंग लाइन तोड़ दी। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सब इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं थे, जबकि उन्हें वहां रहना चाहिए था। जिस स्थान पर नई पाइपलाइन डाली जा रही थी, उसके पास से ही गंभीर की मेन राइजिंग लाइन गुजर रही थी। लाइन फूटते ही सैकड़ों गैलन पानी बह निकला। जल सप्लाई प्रभावित होने की सूचना मिलने पर एमआईसी सदस्य रजत मेहता और शिवेंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे।

# इंदौर का 90% पानी जहरीला, जीतू पटवारी के आरोप पर महापौर बोले- ये कांग्रेस की ओछी राजनीति

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर के पानी को जहरीला बताने वाले कांग्रेस के आरोपों पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शहर को बदनाम करने की ओछी राजनीति कर रही है। महापौर ने सैंपल रिपोर्ट और जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। इंदौर में पेयजल को लेकर कांग्रेस और बीजेपी एक बार फिर आमने-सामने हैं। दिसंबर-जनवरी में हुए भागीरथपुरा कांड के बाद अब कांग्रेस फिर पानी का बड़ा मुद्दा बना रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को इंदौर में कहा कि कांग्रेस ने इंदौर के 29 वार्डों से 240 पानी के सैंपल लिए और इसकी जांच कराई। इसमें 98 फीसदी सैंपल फेल हुए और 90 फीसदी पानी जहरीला मिला है। अब इस पर महापौर ने जवाब दिया है।





● जीतू पटवारी ने दावा किया कि इंदौर का 90 फीसदी पानी जहरीला है।
● कांग्रेस ने 29 वार्डों से 240 पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे।
● रिपोर्ट में 98 फीसदी सैंपल फेल होने का दावा किया गया।
● महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रिपोर्ट को झूठ का पुलिंदा बताया।
● नगर निगम अब दोबारा सैंपल जांच कराने की तैयारी में है।

### महापौर बोले, तीन माह तक क्यों दबाई रिपोर्ट

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी मेंबर नंदू पहाड़िया और बबलू शर्मा ने शाम को इसका जवाब दिया। महापौर ने कहा कि यह सैंपल 5 और 6 फरवरी को लिए गए थे। इसकी रिपोर्ट 13 फरवरी को आ गई थी, लेकिन यह रिपोर्ट तीन माह तक क्यों दबाकर रखी गई। जब सैंपल 240 जगहों से ही लिए गए तो फिर शहर का 90 फीसदी पानी जहरीला किस आधार पर बताया जा रहा है।

पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह रिपोर्ट झूठ का पुलिंदा भर है। ना ही मानकों के तहत सैंपल लिए गए और ना ही निगम के अधिकारियों को साथ लिया गया। प्लास्टिक की बोतल में सैंपल लिए।

महापौर ने कहा कि लैब भी नोएडा की है, जबकि इंदौर में इसकी टेस्टिंग कराई जा सकती थी। यह पानी की सैंपलिंग का पूरा ठेका कांग्रेस ने दिया और उसी के अनुसार काम किया गया।

### यह ओछी और शहर को बदनाम करने की राजनीति

महापौर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा शहर को बदनाम करने की ओछी राजनीति करती है। यदि रिपोर्ट आ गई थी तो कांग्रेस ने तीन माह तक इसे क्यों दबाकर रखा। पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यदि कांग्रेस को लग रहा था कि पानी जहरीला है तो इसकी जानकारी निगम को देना थी। निगम की लैब में तुरंत इन जगहों के सैंपल लेकर जांच कराई जा सकती थी। महापौर ने कहा कि यदि कहीं कोई कमी होती तो उसे तत्काल ठीक किया जाता, ताकि जनता को सुरक्षित पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम अब इन जगहों से दोबारा सैंपल लेकर जांच कराएगा।

# जलसंकट : सांसद, एमआईसी मेंबर अब तख्तियां लेकर उतरे




इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर में भारी जलसंकट पर सियासी घमासान छिड़ गया है। कांग्रेस जहां बीजेपी नेताओं को घेर रही है। वहीं बीजेपी नेता खुद अपने ही नगर निगम और महापौर पर सवाल उठा रहे हैं। इंदौर में जलसंकट के बीच सत्ताधारी दल के नेता नदारद है। वहीं बीजेपी को कांग्रेस घेर रही है। इसी बीच लंबे समय बाद अब सांसद शंकर लालवानी जल समस्या को लेकर मैदान में उतरे हैं। साथ में एमआईसी मेंबर नंदू पहाड़िया भी मौजूद थे। यह सभी रहवासियों के साथ रानी सती गेट क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए उतरे। मुद्दा वार्ड 47 में पानी की समस्या को लेकर है।

**पानी की टंकी पर तीन परिवारों का विरोध-** दरअसल, रानी सती इलाके में पानी की नई टंकी बनानी थी, लेकिन तीन परिवारों ने इसका विरोध कर दिया है। इसी वजह से काम नहीं हो पा रहा है। इस पर इंदौर सांसद लालवानी, एमआईसी मेंबर और कुछ स्थानीय लोग इनके यहां चर्चा करने पहुंचे थे। मांग थी कि आपत्ति हटा दी जाए। असल वजह ये है कि यशवंत क्लब की टंकी और भीड़ ज्यादा होने की वजह से नर्मदा का पानी ठीक से नहीं मिल पा रहा। इसलिए इलाके में नई टंकी की जरूरत है।

**डेढ़ माह से रुका है काम-** रानी सती एरिया में नई टंकी निर्माण कार्य डेढ़ माह पहले शुरू कराया गया। इसी बीच वहां पास में रहने वाले तीन रहवासियों ने टंकी निर्माण को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए न्यायालय से इस मामले में स्टे ले लिया। इसके चलते वहां टंकी का काम बंद हो गया।

# आईएएस संतोष वर्मा से जुड़े केस में निलंबित जज अमन सिंह भूरिया गिरफ्तार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर के फर्जी फैसला कांड में एसआईटी ने एक बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमन सिंह भूरिया को गिरफ्तार किया है। हालांकि पहले से हाईकोर्ट से उन्हें अग्रिम जमानत मिल चुकी थी। इसलिए गिरफ्तारी के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एसआईटी ने उनसे लगभग दो घंटे पूछताछ भी की थी।



**जांच के बाद किया निलंबित-** ये मामला उस समय के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संतोष वर्मा से जुड़ा है। हर्षिता अग्रवाल की शिकायत के बाद 2021 में इंदौर के एमजी रोड पुलिस ने आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। इसके बाद जांच में स्पेशल जज विजेंद्रसिंह रावत का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने उनसे भी पूछताछ की थी। अमन सिंह भूरिया पहले बेड़न सिंगरौली में पदस्थ थे। उन्हें हाई कोर्ट ने जांच के बाद निलंबित कर दिया।

**आईएएस संतोष वर्मा को पहचानने से इनकार-** एसीपी विनोद दीक्षित के अनुसार हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद अमन सिंह खुद कोर्ट में पेश हुए थे। पुलिस ने कोर्ट की शर्तों के मुताबिक उन्हें गिरफ्तार किया। साथ ही जमानत पर रिहा कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने अमन सिंह से केस से जुड़े कुछ सवाल पूछे। बता दें कि अमनसिंह साल 2021 में सीजेएम के पद पर थे। उन्होंने आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ केस को स्पेशल जज विजेंद्रसिंह रावत की अदालत में ट्रांसफर कर दिया था। जबकि लसूड़िया थाना रावत के अधीन नहीं आता था। अमन सिंह ने कहा कि यह ट्रांसफर न्यायिक प्रक्रिया के तहत किया गया था। उन्होंने यह भी कहा था कि वे आईएएस संतोष वर्मा को नहीं पहचानते हैं।

**यह है पूरा केस-** लसूड़िया थाने में संतोष वर्मा के खिलाफ एक केस दर्ज हुआ था। इस केस का चालान जिला कोर्ट में पेश किया गया था।

इस केस में एडीजे विजेंद्र सिंह रावत ने जून 2021 में एमजी रोड थाने में एक आवेदन दिया था। उन्होंने बताया था कि उनकी कोर्ट से 6 अक्टूबर 2020 को जो आदेश जारी हुआ, वह कूटरचित है। उन्होंने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया था। यह आदेश संतोष वर्मा को लसूड़िया केस में बरी करने का था। इससे पहले एक और आदेश आया था।

### आईएएस संतोष वर्मा केस का खुलासा

दरअसल हाल ही में आईएएस संतोष वर्मा केस के फर्जी कोर्ट आदेश मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ था। मामले में पहले ही संतोष वर्मा और एडीजे विजेंद्र सिंह रावत फंसे हुए थे। पुलिस ने इंदौर जिला कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमन सिंह भूरिया को इस षड़यंत्र का मुख्य आरोपी बताया था।

### भूरिया ने यह कहकर लगाई याचिका

इंदौर पुलिस ने 17 अप्रैल को भूरिया को नोटिस भेजा था। इसके बाद 28 अप्रैल को उन्हें मोबाइल के साथ पेश होने के लिए कहा गया था। इसके जवाब में भूरिया ने जिला कोर्ट में जमानत की याचिका लगाई थी। भूरिया ने कहा था कि उन्हें डर है कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। एमजी रोड थाने में दर्ज किए गए इस केस में उन्हें आरोपी बनाया गया है।

# हम इंफ्लुएंसर हैं... हमें फ्री टिकट चाहिए नहीं दोगे तो आपका नाम खराब कर देंगे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● सोशल मीडिया पर रील बनाकर अपनी पहचान बनाने वाले इंफ्लुएंसर काफी सुर्खियों में हैं, लेकिन इन्हीं में कुछ ऐसे भी इंफ्लुएंसर हैं, जो इसका गलत फायदा उठाकर नाम खराब करने की धमकियां भी दे रहे हैं। दरअसल शुक्रवार को कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित स्नो सिटी पर कुछ इंफ्लुएंसरों ने भारी उत्पात मचाया। फ्री में टिकट न मिलने को लेकर न सिर्फ मालिक को नाम खराब करने की धमकियां दीं, बल्कि उनके स्टाफ के ऊपर गाड़ी भी चढ़ाने की कोशिश की। स्नो सिटी के मालिक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मामले में शिकायत दर्ज कराई। स्नो सिटी के मालिक हरीश कटारिया ने बताया कि शाजापुर से मेरे पास फोन आया था कि कुछ इंफ्लुएंसर स्नो सिटी में आ रहे हैं तो उन्हें फ्री टिकट चाहिए। हमने उनसे कहा कि हम 4-5 लोगों को फ्री कर देंगे, बाकी लोगों के टिकट लगेंगे। करीब 7.30 बजे 10-15 लोग बच्चों सहित स्नो सिटी पहुंचे और फ्री टिकट सबके लिए मांगे। जब हमने कहा कि 4-5 ही फ्री कर पाएंगे तो उन्होंने विवाद करना शुरू कर दिया। हमने उनसे कहा कि हमारा भी व्यापार है। हम इतने लोगों को फ्री नहीं कर सकते तो उनमें से एक इंफ्लुएंसर ने हमें धमकी देने शुरू कर दिया और कहा कि हम स्नो सिटी का नाम खराब कर देंगे। कटारिया ने बताया कि हमारे स्टाफ ने जब इन्हें समझाने के कोशिश की गाली न दें तो जाते-जाते उन्होंने हमारे ऊपर गाड़ी (चार पहिया वाहन) चढ़ाने की कोशिश की, मैं तो बच गया लेकिन मेरे स्टाफ के पैरों पर गाड़ी चढ़ा दी। हमने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मामले में सभी लोगों को खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**सीसीटीवी फुटेज में कैद हुईघटना-** सीसीटीवी में लगे फुटेज में इंफ्लुएंसर द्वारा किया गया हंगामा और गाड़ी चढ़ाई की घटना कैद हो गई। वीडियो में देखा गया है कि सभी इंफ्लुएंसर स्नो सिटी में आते हैं और थोड़ी देर बाद विवाद करने लगते हैं, वहीं एक-दूसरे फुटेज में वह स्नो सिटी के मालिक पर गाड़ी चढ़ाते नजर आते हैं।

# स्कूल के प्रिंसिपल को लोकायुक्त ने रंगेहाथ पकड़ा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● संयोगितागंज स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बालक क्रमांक-1 में लोकायुक्त पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने विद्यालय के प्राचार्य और नोडल अधिकारी राजकुमार चेलानी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी प्राचार्य पर आरोप है कि उन्होंने एक निजी स्कूल की शिकायत का मामला सुलझाने के एवज में इस रिश्वत की मांग की थी। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब इदरिस नगर के निवासी और द इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल के संचालक रवि जायसवाल ने लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से इसकी लिखित शिकायत की।

# डेली कॉलेज बोर्ड के नीतिगत फैसले लेने पर हाईकोर्ट से रोक

## विक्रम और प्रियव्रत की जीत खतरे में आई

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर के डेली कॉलेज चुनाव पर हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने नए बोर्ड को नीतिगत फैसले लेने से रोक दिया। चुनाव प्रक्रिया में खामियां मिलने के बाद यह फैसला आया। प्रियव्रत खिलचीपुर और विक्रम पंवार की निर्विरोध जीत भी अब सवालों में घिर गई है।

डेली कॉलेज के नवनिर्मित 10 सदस्यीय बोर्ड को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने इस मामले में लगी याचिका पर सुनवाई के बाद पाया कि चुनावी प्रक्रिया में कई खामियां रहीं। इसे देखते हुए हाईकोर्ट इंदौर ने पूरे बोर्ड के नीतिगत फैसले लेने पर रोक लगा दी है।

डेली कॉलेज के 21 मई को समाप्त हुए चुनाव के बाद फिर कानूनी लड़ाई 26 मई को



हाईकोर्ट पहुंची। इस पर 29 मई को विशेष सुनवाई हुई। सभी तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया में कई खामियां पाई, जिसे लेकर विरोधी गुट लगातार आरोप लगा रहा था। सभी तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि चुनाव 21 मई को हो चुके हैं, ऐसे में वह चुनाव नहीं रोक रहे हैं, लेकिन नवनिर्मित बोर्ड नीतिगत फैसला नहीं लेगा। हालांकि वह रूटीन काम करते रहेगा। इसमें 15 दिन में कुछ रिपोर्ट भी हाईकोर्ट ने तलब की है। फिर सुनवाई होगी। हाईकोर्ट जस्टिस जय कुमार पिल्लई ने करीब 40 मिनट तक इस केस की सुनवाई की। यह याचिका नरेंद्र सिंह बिडवाल की ओर से लगाई गई थी। यह फाउंडर/ओल्ड डोनर कैटेगरी में उम्मीदवार थे, लेकिन इनका फार्म तकनीकी खामियां बताते हुए चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी (हाईकोर्ट के रिटायर जस्टिस सुशील गुप्ता) द्वारा रद्द कर दिया गया था।

# शिवाजी मार्केट तोड़ने संभागायुक्त कोर्ट से निगम तक बनी रणनीति, हाईकोर्ट ने दिया झटका

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर के पुरानी शिवाजी मार्केट की करीब सवा सौ दुकान तोड़ने के लिए हाईकोर्ट में एक बार मात खा चुके अधिकारियों ने इस बार नई रणनीति बनाई। गुपचुप तरीके से संभागायुक्त कोर्ट से आदेश हुआ। फिर निगम ने तोड़ने की तैयारी कर ली। इंदौर के शिवाजी मार्केट की सवा सौ दुकान तोड़ने में जुटे नगर निगम के अधिकारियों को फिर झटका लगा है। इसके पहले भी निगम ने इसकी तैयारी की थी, तब नोटिस के खिलाफ दुकानदार हाईकोर्ट गए थे।

इसमें हाईकोर्ट ने राहत देते हुए आदेश दिया था कि इसमें दुकानदारों को अपील करने का अधिकार है, ऐसे में अपील करने दी जाए और तब तक कार्रवाई नहीं हो। फिर दुकानदार संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की कोर्ट में गए




और वहां सुनवाई हुई।

**देर शाम तक सुनवाई, फिर उसी दिन आदेश-** प्रशासन के बेदखली आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश से दुकानदार संभागायुक्त कोर्ट पहुंचे। मजे की बात है कि कोर्ट में 27 मई की देर शाम तक वकीलों के बीच में जिरह हुई और सुनवाई चली। इसके बाद आदेश पर रख लिया गया। इस आदेश की कॉपी 29 मई की दोपहर तक संबंधितों को नहीं मिली। उधर 28 मई को अवकाश था। वहीं जब आदेश सामने आया तो यह 27 मई की तारीख का था। यानी संभागायुक्त ने सुनवाई के तत्काल देर शाम ही यह आदेश कर दिया था।

**इधर निगम ने कर ली तोड़ने की तैयारी -** आदेश होने के बाद इंदौर नगर निगम ने भी दुकानें तोड़ने की तैयारी कर ली। इसके लिए पुलिस व प्रशासन से बल मांग लिया और 30 मई की सुबह बुलडोजर चलाना तय हुआ। इसी बीच दुकानदार फिर हाईकोर्ट की ओर गए।

**पुरानी याचिका से मिल गई राहत-** संभागायुक्त के आदेश की कॉपी क्योंकि दुकानदारों के पास नहीं थी इसलिए अधिवक्ता मनीष यादव, अधिवक्ता करण बैरागी ने एक पुरानी याचिका को लेकर मेंशन लिया। दुकानदारों ने उनकी लीज निरस्त करने के निगम के आदेश को पूर्व में चुनौती दी हुई थी। इसी याचिका पर मेंशन लिया गया और इसमें जस्टिस जय कुमार पिल्लई की कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें अधिवक्ताओं ने मजबूती से तर्क रखे कि बिना सुनवाई के ही आवंटन निरस्त हुआ है। वहीं सुनवाई में सामने आया कि संभागायुक्त ने भी अपील निरस्त कर दी है। सभी तर्कों को सुनने के बाद अवकाशकालीन बेंच ने अगली सुनवाई तक स्टे दे दिया।

# जाम की समस्या का हल घर और बाजार तोड़कर सड़क का चौड़ीकरण करना नहीं

## छावनी रहवासी और प्रबुद्धजन बोले-कब तक तोड़े जाएंगे वैध मकान, जहां चौड़ीकरण वहां अब केवल पार्किंग : अतुल सेठ

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर में मास्टर प्लान की सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर के मध्य और व्यावसायिक क्षेत्र छावनी में सड़क चौड़ीकरण के लिए बाधक हिस्से हटाए जाने के बाद रहवासी विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़कें चौड़ी करने के बाद भी यातायात जाम की समस्या खत्म नहीं हो रही, क्योंकि चौड़ी सड़कें बाद में पार्किंग स्थल बन जाती हैं, इसके लिए किसी की जिंदगी उजाड़ देना कहां का प्रशासन है। यदि पार्किंग की समस्या ही हल करना है तो उसके लिए दूसरे हजारों विकल्प हैं, घर तोड़ना जाम की समस्या का निदान नहीं है।

**टीडीआर पॉलिसी का अब तक नहीं मिला लाभ-** स्ट्रक्चरल इंजीनियर अतुल सेठ ने बताया कि वर्ष 2017 से इंदौर में मास्टर प्लान की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत महू नाका से टोरी कॉर्नर, सरवटे से गंगवाल और कृष्णपुरा से नंदलालपुरा चौराहा सहित कई मार्ग चौड़े किए गए। इस दौरान अनेक मकानों के हिस्से तोड़े गए,



लेकिन प्रभावित लोगों को अब तक मुआवजा नहीं मिला। उन्हें केवल टीडीआर पॉलिसी के तहत अतिरिक्त एफएआर प्रमाण पत्र दिया गया है।

अतुल सेठ का कहना है कि सड़क निर्माण वर्ष 2020 में पूरा हो गया था, लेकिन वर्तमान में उन्हीं सड़कों पर दोबारा अतिक्रमण और वाहन पार्किंग बढ़ गई है। सीतलामाता बाजार व खजूरी बाजार जैसे क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण के बावजूद दोनों ओर वाहनों की पार्किंग हो रही है, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अब यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए लोगों के मकान तोड़ने के बजाय फ्लाईओवर जैसे विकल्प अपनाने की जरूरत है। सामाजिक कार्यकर्ता अजीत सिंह नारंग ने कहा कि इंदौर को महानगरों की ट्रैफिक प्लानिंग का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण का फायदा एक-दो साल तक ही रहता है, क्योंकि इसके बाद सड़क किनारे बड़े मॉल और व्यावसायिक प्रतिष्ठान विकसित हो जाते हैं और पार्किंग का दबाव बढ़ जाता है।

### उज्जैन में मुआवजा, तो इंदौर में क्यों नहीं?

छावनी रहवासी संघ के अध्यक्ष विवेक पाटनी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से नगर निगम सड़क चौड़ीकरण के नाम पर मकान तोड़ रहा है, लेकिन यातायात की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उनका मकान अतिक्रमण नहीं था, इसके बावजूद उसे तोड़ दिया गया। प्रभावितों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा, जबकि उज्जैन में लोगों को मुआवजा दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।